तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# रतन भूमि

रायपुर, रविवार 16 नवंबर 2025

11 सांस्कृतिक व खेलकूद से छात्राओं ने मनाया जश्न
12 नवापारा में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य प्रारंभ







## खबर संक्षेप

### यादव समाज सामुदायिक भवन का लोकार्पण आज

**राजिम।** राजिम ठेठवार यादव महासभा में 16 नवबंर को 25 लाख की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिवकुमार डहरिया पूर्व मंत्री नगरीय निकाय एवं 10 लाख के टीन शेड निर्माण कार्य के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ला, अध्यक्षता गुलेंद्र यादव अध्यक्ष प्रदेश यादव समाज विशेष अतिथि द्वारकाधीश यादव विधायक खल्लारी महेश यादव अध्यक्ष नगर पंचायत राजिम की गरिमामय उपस्थिति में दोपहर 12 बजे राजिम ठेठवार यादव धर्मशाला में आयोजित है जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक लोगो की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न होगा कार्यक्रम की जानकारी प्रदेश उपाध्यक्ष रामा यादव अशोक यादव हेमू यादव ने दी।

### अंतर्राष्ट्रीय आयोजन ईमुन में भाग लेंगी नवापारा की चार छात्राएं





**नवापारा-राजिम।** नगर की चार छात्राएं अंतर्राष्ट्रीय आयोजन ईमुन में भाग लेने बिलासपुर रवाना हुए। विश्व के सबसे बड़े युवा शैक्षणिक संगठन ईमुन में लेने नगर की छात्राएं एकांशी देवांगन, सान्वी बिसेन, महक बोथरा एवं आर्शिया मरार गाइड शिक्षिका ज्योतिका दावना के नेतृत्व में बिलासपुर पहुंची है। तीन दिवसीय शैक्षाणिक कार्यक्रम में भारत के सभी कोने से विद्यार्थी अपना कौशल का प्रदर्शन करेंगे। जहां सार्वजनिक भाषण, शोध, लेखन, वैश्विक जानकारी एवं बौद्धिक प्रतियोगिता संपन्न होगा। विभिन्न प्रतियोगिताओं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शिक्षाविद बलराम देवांगन, डॉ के आर सिन्हा, कृष्णा देवांगन, डॉ. राजेश्वर पटेल, निश्चल खरे एवं नगरवासी ने छात्राओं को सफलता के लिए शुभकामनाएं दी है।

### शराब पीने की सुविधा देने वाले दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** कोमाखान पुलिस ने शराब पीने की सुविधा देने वाले दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने रेलवे फाटक के पास रोड किनारे ग्राम घोयनाबाहरा कोमाखान से रामदास चेलक पिता कुधुर चेलक (53 साल) ग्राम खैरटखुर्द थाना कोमाखान और कोमाखान से कुलिया रोड किनारे पुल के पास से धनेश यादव पिता तिजउराम यादव (27 साल) घोयनाबाहरा को लोगों को शराब पीने पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराते हुए पकड़ा गया।

## शुभारंभ : रूपकुमारी व विधायक साहू ने किया धान खरीदी का शुभारंभ

# समर्थन मूल्य पर समय सीमा पर धान की खरीदी की जाएगी : सांसद चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

15 नवंबर से शुरू होने वाले धान खरीदी का शुभारंभ शनिवार दोपहर 12:30 बजे राजिम मंडी प्रांगण में सांसद रूपकुमारी चौधरी व विधायक रोहित साहू ने छत्तीसगढ़ महतारी तथा मां लक्ष्मी अन्नपूर्णा माता की पूजा-अर्चना कर किया। कार्यक्रम में इस अवसर पर भण्डार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू,पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय,कलेक्टर बी एस उईके,राजिम एसडीएम विशाल महाराणा,तहसीलदार मयंक अग्रवाल, जिला भाजपा महामंत्री चंद्रशेखर साहू,गरियाबंद जिला सोसायटी अध्यक्ष संघ के महाअध्यक्ष जितेंद्र सोनकर, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी साहू,नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू, ओमप्रकाश आडिल, कमल सिन्हा, संजीव साहू, मकसुदन साहू, किसान भोले साहू, राजू साहू, धनीराम, डीएमओ किशोर चंद्रा, पंजीयक महेश्वरी तिवारी, प्रबंधक खान साहब, श्री गड़तिया सहित बड़ी संख्या में किसान और विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि 15 नवंबर से राज्य सरकार द्वारा धान खरीदी की तैयारी पूरी गति से की जा रही है। इसी कड़ी में जिले के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों में भी व्यवस्थाएँ सुदृढ़ की जा रही हैं। छत्तीसगढ़ धान का कटोरा है और किसान देश की रीढ़ की हड्डी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आगे बढ़ाने के लिए जो विजन तय किया गया है, उसे राज्य सरकार जमीन पर उतार रही है। उन्होंने बताया कि शासन ने गरीब, किसान, युवा और महिलाओं सहित सभी वर्गों की चिंता कर रहा है। उन्होनें कहा कि किसानों के धान की खरीदी समय-सीमा के भीतर किया जाएगा साथ ही धान का उठाव और किसानों को उनका भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। यदि कहीं पर तौल, माप या व्यवस्थाओं में कमी पाई ▶▶| शेष पेज 10 पर



### धान खरीदी आरंभ होने से किसानों में उत्साह का माहौल : ओमकुमारी

**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ में धान खरीदी की प्रक्रिया 15 नवंबर से प्रारंभ हो गई है। ग्राम सुंदरकेरा के धान खरीदी केंद्र में नगर पालिका अध्यक्ष ओम कुमारी-संजय साहू, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने विधि-विधान से पूजा करके धान खरीदी प्रारंभ किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ओम कुमारी-संजय साहू ने कहा कि धान खरीदी की शुरूआत के साथ प्रदेश भर में किसानों में उत्साह का माहौल है। शासन द्वारा पारदर्शी प्रक्रिया और मजबूत तकनीक व्यवस्था से इस बार की धान खरीदी और अधिक सहज और व्यवस्थित होगी। किसानों का अटूट विश्वास से छत्तीसगढ़ की प्रगति की असली ताकत है। छत्तीसगढ़ के किसान मेहनतकश है। परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ की पहचान धान के कटोरा के रूप में है। समूचे देश में सबसे अधिक कीमत पर धान खरीदी छत्तीसगढ़ शासन कर रही है। किसानों के परिश्रम को सम्मान देने का कार्य छत्तीसगढ़ शासन कर रही है। धान खरीदी में अत्याधुनिक तकनीक, टोकन ऐप एवं जीपीएस



आधारित परिवहन, सतर्क ऐप, कमांड एंड कंट्रोल सेंटर जैसे आधुनिक सिस्टम लागू किए गए हैं। जिससे धान खरीदी पारदर्शी एवं सुविधाजनक हो। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता परदेशीराम साहू, सरपंच धनेश्वर टंडन, भाजपा नेता नत्थूराम साहू, समिति अध्यक्ष नीलकंठ साहू, पूर्व सरपंच टिकेंद्र साहू, हीरा पटेल, थनेंद्र साहू, मंडी प्रबंधक बरखा रानी साहू मौजूद थी।

### किसानों को कोई परेशानी न हो अधिकारी इसका विशेष ध्यान रखें

कार्यक्रम में मौजूद राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने कहा कि धान खरीदना शासन का कर्तव्य है और बेचना किसानों का अधिकार। किसानों को कोई परेशानी न हो अधिकारी इसका विशेष ध्यान रखे। पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि किसानो की खुशहाली के लिए भाजपा सरकार तत्पर है लिहाजा किसानों को किसी भी प्रकार से तकलीफ नहीं होना चाहिए।

### भाजपा किसान हितैषी पार्टी : सोनकर

इस अवसर पर विशेष रूप से मौजूद जिला भाजपा के वरिष्ठतम नेता सोसायटी अध्यक्ष संघ के महाअध्यक्ष जितेंद्र सोनकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी किसान हितैषी पार्टी है लिहाजा किसानों के हर हितों का ध्यान हर हाल में रखेंगे,किसानो को किसी भी प्रकार से परेशान नही होने देंगे।



# दो आरोपियों से 18.550 किग्रा गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

गांजा का अवैध परिवहन करते हुए फिंगेश्वर पुलिस ने दो युवकों से कार में 18 किलो 550 ग्राम गांजा बरामद किया। दोनों युवकों के खिलाफ नारकोटिक एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार। दिनांक 14 नवंबर को थाना फिंगेश्वर के द्वारा मेन गेट के सामने संदिग्ध वाहनों का चेकिंग की जा रही थी।

चेकिंग के दौरान कार सीजी 04 बी 0831 को रोककर पुछताछ करने पर वाहन क्रमांक सीजी 04 बी 0831 का चालक अपना नाम छम्मन साहू पिता परशु राम साहू उम्र 32 वर्ष साकिन सोनासिल्ली थाना गोबरा नयापारा जिला रायपुर छ0ग0 व कार के ड्रायवर सीट के बगल मे बैठे व्यक्ति अपना नाम किशन निषाद पिता खोरबाहरा निषाद उम्र 43 साकिन वार्ड नं0 11 शिवपारा भिलाई थाना सुपेला जिला दुर्ग के रहने वाले बताया। दोनों संदेहियों से पूछताछ कर उनके चार पहिया वाहन का तलाशी लेने पर एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी के अंदर 31 पैकेट भुरे रंग के सेलो टेप से लिपटा हुआ कुल वजन 18.550 किलो ग्राम किमती 2,78000 रूपये एंव घटना मे प्रयुक्त चार पहिया वाहन क्रमांक सीजी 04 बी 0831 किमती 2,00,000 रूपये व दो नग मोबाइल किमती 20,000 रूपये कुल जुमला किमती 4,98,000 रूपये को दोनो आरोपीयों के कब्जे से गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

आरोपी किशन निषाद व छम्मन साहू को पूछताछ करने पर उक्त मादक पदार्थ गांजा को उड़िसा से दुर्ग भेजना बताया है।आरोपियों की पतासाजी जारी है जिसके विरूद्ध पृथक से एण्ड टू एण्ड कार्यवाही की जाएगी। आरोपी छम्मन साहू पिता परशु राम साहू उम्र 32 वर्ष साकिन सोनासिल्ली , किशन निषाद पिता खोरबाहरा निषाद उम्र 43 साकिन वार्ड नं0 11 शिवपारा भिलाई थाना सुपेला जिला दुर्ग का कृत्य धारा 20(बी) नारकोटिक एक्ट का अपराध घटित करना पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजी जाती है।

# एनएसएस के युवा हमारे समाज की उम्मीद और ताकत हैं : साहू



**फिंगेशवर।** फणीकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई का सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर शनिवार को उत्साहपूर्ण माहौल में प्रारंभ हुआ। शिविर में भाग लेने के लिए कुल 58 छात्र–छात्राएं महाविद्यालय परिसर से ग्राम सिर्रीकला के लिए रवाना हुए। प्रस्थान के पूर्व आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष राजू साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव, नगर के समाजसेवी धनंजय हरित व पूर्व सरपंच सियाराम ध्रुव ने पूजा–अर्चना कर श्रीफल फोड़ते हुए बस को हरी झंडी दिखाकर शिविर दल को रवाना किया। स्वयंसेवकों के लिए आयोजित सात दिवसीय शिविर में ग्राम स्तर पर स्वच्छता, जनजागरूकता और सामाजिक उत्तरदायित्व की गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी। एनएसएस के छात्र गांव के महत्वपूर्ण चौक-चौराहों, सार्वजनिक स्थलों और मार्गों की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश देंगे।ग्रामीणों की सहभागिता के लिए नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रैली और चर्चा सत्र भी आयोजित किये जायेंगे। शिविर प्रभारी ने बताया कि इस दौरान स्वयंसेवकों को नेतृत्व क्षमता,सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य जागरूकता जैसे विषयों पर विभिन्न व्यावहारिक गतिविधियों से जोड़ा जाएगा,जिससे युवाओं में सेवा भावना और समाज के प्रति संवेदनशीलता का विकास हो सके।राजू साहू अध्यक्ष जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष ने कहा कि एनएसएस के युवा हमारे समाज की उम्मीद और ताकत हैं। स्वच्छता और जनजागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गांवों में काम करना बेहद आवश्यक है।हमारे महाविद्यालय के छात्र जिस समर्पण के साथ सिर्रीकला जा रहे हैं, वह सराहनीय है।यह शिविर निश्चित रूप से गांव में सकारात्मक बदलाव लाएगा।मैं सभी स्वयंसेवकों को उज्ज्वल भविष्य और सफल शिविर की शुभकामनाएं देता हूं।




## किसानों ने जिला पंचायत अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

# तकनीकी त्रुटि से किसान परेशान, मैनपुर व अमलीपदर तहसील में धान पंजीयन अटका

**मैनपुर।** प्रदेश में 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो गई है, लेकिन एग्री स्टेक पोर्टल में आई एक बड़ी तकनीकी गड़बड़ी ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। किसानों का आरोप है कि दूसरे तहसील के किसानों का नाम गलत तरीके से दूसरे तहसील में जुड़ जाने से उन्हें धान बेचने के लिए पंजीयन करवाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसान लगातार तहसील, अनुविभागीय अधिकारी और जिला कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। गरियाबंद जिले के अमलीपदर तहसील क्षेत्र के साल्हेभाठा ग्राम से एक गंभीर मामला सामने आया है। राजस्व ग्राम




साल्हेभाठा, जो अमलीपदर तहसील के अंतर्गत आता है, उसके किसानों का नाम एग्री स्टेक पोर्टल में अमलीपदर तहसील में प्रदर्शित होने के बजाय मैनपुर तहसील के राजस्व ग्राम साल्हेभाठा में प्रदर्शित हो रहा है। इस गंभीर त्रुटि के कारण सैकड़ों किसान एग्री स्टेक पोर्टल में अपना सही पंजीयन नहीं करवा पा रहे हैं और धान खरीदी शुरू होने के बावजूद पंजीयन संबंधी परेशानियों से जूझ रहे हैं।

**मुख्यमंत्री और कलेक्टर से गुहार :** समस्या से जूझ रहे किसानों ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गरियाबंद जिले के कलेक्टर भगवान सिंह उइके से जल्द से जल्द इस मामले को संज्ञान में लेने और एग्री स्टेक पोर्टल में हुई तहसील संबंधी गड़बड़ी को तुरंत सुधारने की मांग की है, ताकि किसान समय पर अपना धान बेच सकें।

### जिला पंचायत अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

परेशान किसानों ने इस समस्या के समाधान के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप को ज्ञापन सौंपकर जल्द हस्तक्षेप की मांग की है। ग्राम पंचायत साल्हेभाठा के सरपंच नुरपति, गुनेश्वर, घनश्याम ध्रुव, हुकुमधर, सुकरूराम एवं अन्य ग्रामीणों ने बताया कि वे इस समस्या को लेकर पहले ही एसडीएम और गरियाबंद कलेक्टर तक आवेदन दे चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई सुधार नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने चिंता व्यक्त की है कि यदि यह समस्या जल्द ठीक नहीं हुई, तो उन्हें धान बेचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### संभागायुक्त कावरे ने धान खरीदी का किया शुभारंभ



**अभनपुर।** रायपुर संभाग आयुक्त महादेव कावरे द्वारा विधिवत पूजा अर्चना क र सहकारी समिति अभनपुर मे धान खरीदी का शुभारंभ किया गया तथा उपस्थित अधिकारियो को निर्देश दिया कि धान ब्रिकी के लिए पहुंचे सभी किसानो की धान खरीदी की जाये तथा पचेड़ा समिति मे पंजीयक कुलदीप शर्मा,उपपंजीयक पूर्णिमा सिंह,शशि कुमार यादव द्वारा किया गया। अभनपुर ब्रांच के तीन समितियो मे किसान धान लेकर पहुंचे थे लेकिन समितियो मे कर्मचारियो के हड़ताल के कारण नोडल अधिकारी एसडीएम ने अन्य विभाग के कर्मचारी व प्राइवेट हेमालो के माध्यम से किसानो की देर रात तक धान खरीदी की गई लेकिन आने वाले सोमवार से धान ब्रिकी करने वाले किसान अधिक संख्या मे पहुंचने पर अस्थायी व्यवस्था से खरीदी कर पाना संभव नही दिख रहा है,जिन कर्मचारियो की ड्यूटी लगी है वह धान खरीदी की प्रक्रिया से बिल्कुल अनभिज्ञ है अभनपुर ब्रांच के तीन समिति अभनपुर 262 क्विंटल,केन्द्री 269 क्विंटल 494 क्विंटल धान खरीदी हुई है बाकी समितियो मे धान खरीदी अव्यवस्था के चलते किसान धान लेकर नही पहुंचे ।

### चक्काजाम कर जताया विरोध

**बसना।** कुड़ेकेल नाला की जर्जर हालक से परेशान ग्रामीणों ने आंदोलन की राह थामी और शनिवार सुबह 9 बजे से ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे-53 पर चक्का जाम कर किया। इस दौरान ग्रामीणों ने जमकर नारेबाज़ी करते हुए मीडिया माध्यमों से बताया कि पिछले तीन वर्षों से कुड़ेकेल नाला पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण लगातार हादसे, आवागमन में बाधा और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर गंभीर असर पड़ रहा है।

# फिंगेश्वर क्षेत्र की 10 में से 9 सोसायटियों में धान खरीदी पर हड़ताल की छाया से नाराजगी



**फिंगेश्वर।** 15 नवंबर को फिंगेश्वर जिला सहकारी बैंक के अधिन 10 सोसायटियों में केवल एक ही सोसायटी परसदाकला मे धान खरीदी संपन्न हुआ बाकि 9 धान खरीदी केन्द्रों मे कर्मचारियों के टेंड नहीं होने व नये कंप्यूटर आपरेटर के अपने कार्यों में दक्षता नहीं होने के कारण धान खरीदी संपन्न नहीं हुआ है जिसके चलते किसानों मे नाराजगी देखी गई है। शासन को पता है कि कर्मचारी हड़ताल में जाने वाले है इसी बीच धान खरीदी को लेकर वैकल्पिक मजबूत व्यवस्था हफता दिन पहले कर ली जाती तो धान खरीदी केन्द्रों मे धान खरीदी नहीं होने के बुरे दिन देखने नहीं मिलते। प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 नवंबर को जिन सोसायटी मे धान खरीदी नहीं हुई वह है फिंगेश्वर, लचकेरा, गुंडरदेही, भसेरा, चरोदा, बेलर, बारूला, पोलकर्रा, बोरसी है। फिंगेश्वर सोसायटी मे तो जिस किसान का कूपन कट गया था वह धान खरीदी केन्द्र में अपना धान भी लेकर आ गया था लेकिन अव्यवस्थाओं के चलते उनका धान नहीं खरीदा गया। बताया गया है कि हड़ताली कंप्यूटर आपरेटर के द्वारा जो कोड डाला गया था उसे हटाने में अधिकारियों के पसीने छूट गये। रविवार के शाम तक कंप्यूटर आपरेटर की व्यवस्था सही सही हो गई तो सोमवार को सुगमता से धान खरीदी हो जायेगी। नहीं तो धान खरीदी में अड़चने आना संभव है। कंप्यूटर सिस्टम जहां नहीं चला तो आफलाइन सिस्टम से धान खरीदी करने पर ही धान खरीदी होना संभव हो पायेगा।



# मैनपुर क्षेत्र में समर्थल मूल्य पर धान खरीदी शुरु

**मैनपुर।** मैनपुर नवमुड़ा धान खरीदी केन्द्र में आज विधिवत पूजा अर्चना कर धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। इस दौरान प्राधिकृत अधिकारी यमराज ओटी, पूर्व सरपंच गणेश ठाकुर, शाखा प्रबंधक नयन सिंग दाउ, उत्तम सेन, पूर्व जनपद सदस्य डाकेश्वर नेगी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामदास वैष्णव एवं स्थानीय किसान उपस्थित थे। ज्ञात हो कि मैनपुर सहित जिड़ार, गौरघाट, शोभा, बम्हनीझोला धान खरीदी केन्द्र में आज से धान खरीदी का शुभारंभ किय गया है जिससे किसानों में खुशी देखने को मिल रही है।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में बाल दिवस व आनंद मेला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर



स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय फिंगेश्वर में बाल दिवस के उपलक्ष्य में आनंद मेला सह गणित विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष मनीष हरित नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास और शाला प्रबंधन समिति के सदस्य शुभम जैन, के डी सोनवानी, किरणेश सोनी, संतोषी श्रीवास्तव, लक्ष्मी श्रीवास्तव, ज्योति राजपूत,सुमन श्रीवास एवं विद्यालय के प्राचार्य मुकेश निर्मलकर के हाथों दीप प्रज्वलन कर किया गया।

आनंद मेले में कक्षा तीसरी से 12वीं तक के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की बगिया सजाई गई जिसमें बच्चों द्वारा कप केक, गुपचुप, फ्रेंच फ्राइज, चाइनीस पकोड़ा, मंचूरियन, भेल, करी लड्डू साबूदाना बड़ा, मोमोज, कोल्ड ड्रिंक, मंचूरियन, फ्रूट सलाद, रबड़ी, गुड चाय, कॉटन कैंडी, सैंडविच, कटलेट, भजिया, सोया चाप, पिज्जा, चाऊमीन, मूंग बड़ा, कोल्ड कॉफी, कटोरी चाट, आलू गुंडा, मिर्ची भजिया जैसे स्वादिष्ट व्यंजन बच्चों के द्वारा बनाया गया जो पालकों व अन्य बच्चों को काफी आकर्षित किया। बच्चे व पालक सुबह से शाम तक आनंद मेले का आनंद लेते रहे। वहीं विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों के व्यवसाय में सुविधा के लिए टोकन सिस्टम बनाया गया था जिससे बच्चों को पैसा का देखरेख के साथ किसी प्रकार जोड़–तोड़ करना नहीं पड़ा। उनको केवल कूपन संभाल कर रखना था जिसका भुगतान अंत में शिक्षकों द्वारा किया गया। एक दिन के व्यवसाय में बच्चों का कुल टर्नओवर लगभग 65000 रहा।दूसरी ओर इस मेले को शिक्षा से जोड़ने के लिए विज्ञान व गणित को लेकर आयोजन किया गया था जिसमें बच्चों द्वारा बहुत ही रोचक व चलित विज्ञान व गणित मॉडल बनाया गया जिसे दर्शकों को काफी मोहित किया।सभी आगंतुकों ने इस आयोजन की काफी सराहना की। ऐसे आयोजनों से बच्चों को भी दैनिक जीवन में रोजी-रोटी के लिए दिन भर वह पहले भी दो पैसा कमाने के लिए मेहनत करना पड़ता है, आसानी से सीखते हैं। इसके साथ ही पैसे का महत्व भी जान पाते हैं।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त स्टाफ का पूरा सहयोग रहा।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में विशेष रूप से रामू राम साहू, एच एल साहू, रामदीन साहू, जगदीश यदु, कमल यदु, चंचल यदु, अशोक सोनवानी, मन्नू लाल यदु, शांति कोसरे, हरिशंकर श्रीवास्तव, इमरान खान, गुलाम इशाक खान, कल्याणी यदु आदि गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही है। वहीं विद्यालय से महेश साहू, कुंदन रावत, उमेश यदु, फणेश्वर साहू, माधव देवांगन, विनोद साहू, देवेश्वर महाडीक, कृष्णेंदु मंडल, भागवत भार्गव, ऋषभ शर्मा, ईश्वर मालाकार, विकास चंद्राकर, देव सिन्हा, टीकम साहू, थनेश्वर साहू, सारिका साहू, विनीता साहू, काजल शर्मा, कृतिका पुंज, खुशबू, गीतांजलि सिन्हा, अंशी कुजूर, कल्पना साहू, चेतना किरण, क्षमेश्वरी बंजारे, शताक्षी शर्मा, समीक्षा तारक उपस्थित थे।



# छात्र-छात्राएं लक्ष्य बनाकर कार्य करें: देवकी साहू

**राजिम।** नगर के शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक शाला में बाल दिवस बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें-छात्राओं द्वारा आनंद मेला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देवकी साहू, प्राचार्य कृष्ण कुमार यदु, पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, समिति के सदस्य सुलोचना साहू, चेतना साहू, भाजपा महिला मोर्चा नेत्री मनीषा साहू, शांति साहू, लक्ष्मी साहू सहित शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित हुए। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पूजा अर्चना के साथ किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक स्वादिष्ट व्यंजनों में भेलपुरी, मूंग बड़ा, पकोड़ा, मिर्ची भजिया, ब्रेड भजिया, मोमोज, पिज्जा बर्गर सहित अनेक व्यंजन बनाकर बाल दिवस के आनंद मेला को आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देवकी साहू ने छात्राओं को बाल दिवस की बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी भी कार्य में सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारण का होना अत्यंत आवश्यक है, यदि हम लक्ष्य लेकर कार्य करेंगे तो सफलता निश्चित ही मिलेगी,पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल ने भी छात्राओं को बाल दिवस की बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहा की छात्राओं में अपार योग्यताएं होती है, यदि वे अपने योग्यताओं का सही उपयोग करें तो उसको आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता। इसलिए अपने योग्यता और क्षमता को छात्राएं पहचाने। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षक गणों में राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी विवेक शर्मा, संतोष शर्मा, अनुपमा ठाकुर, नरेंद्र कंसारी कंसारी, डोमन सोनकर सहित अनेक शिक्षक गण व छात्र -छात्राएं उपस्थित हुए।

# भाजपा नेता जितेंद्र का जन्मदिन सांसद और विधायक ने केक काटकर मनाया



**राजिम।** जिले के वरिष्ठतम भाजपा नेता राजिम सोसायटी अध्यक्ष जितेंद्र सोनकर का जन्मदिन शनिवार को कृषि ऊपज मंडी प्रांगण में काफी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक रोहित साहू,राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, कलेक्टर बी एस उईके, राजिम एसडीएम विशाल महाराणा, तहसीलदार मयंक अग्रवाल, हरिभूमि के ब्यूरोचीफ श्यामकिशोर शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार कामेश्वर गोस्वामी, प्रकाश वर्मा, जिला भाजपा महामंत्री चंद्रशेखर साहू, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू, ओमप्रकाश आडिल,कमल सिन्हा,संजीव साहू, मकसुदन साहू, किसान भोले साहू, राजू साहू, धनीराम, डीएमओ किशोर चंद्रा, पंजीयक महेश्वरी तिवारी, प्रबंधक खान साहब, श्री गड़तिया सहित बड़ी संख्या में किसान और विभाग के अधिकारी मौजूद थे। सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं विधायक रोहित साहू ने श्री सोनकर के जन्मदिन पर केक काटकर पुष्पहार पहनाकर बधाई दी। श्री सोनकर को बधाई देने का सिलसिला सुबह से लेकर देर रात तक चलता रहा।

वे यहां भाजपा के वरिष्ठतम नेता है लिहाजा रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित प्रदेश के कई मंत्री,विधायक,पार्टी के प्रदेश स्तर के नेता तथा जिले के भाजपा नेताओं और सोसायटी के सभी अध्यक्षो सहित राजिम शहर के स्थानीय जनप्रतिनिधियो ने उन्हें बधाई दी। श्री सोनकर अपने जन्मदिन के अवसर पर भगवान श्री राजीव लोचन व मां महामाया मंदिर जाकर पूजा अर्चना किया। जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए प्रेमरतन पैलेस में पौधारोपण भी किया।



# किसान का बेटे चुम्मन लाल वर्मा बने सीए

**राजिम।** परिश्रम, संघर्ष और दृढ़ संकल्प की मिसाल पेश करते हुए राजिम क्षेत्र के ग्राम सुरसाबांधा के किसान का बेटा चुम्मन लाल वर्मा ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की कठिनतम सीए फाइनल परीक्षा में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र व समाज का नाम रोशन किया है। गांव के प्राइमरी स्कूल से शिक्षा प्रारंभ कर देश के प्रतिष्ठित काशी हिंदू विश्वविद्यालय तक का सफर तय करने वाले चुम्मन ने 14 वर्ष की आयु में ही माता-पिता और घर-परिवार से दूर रहकर निरंतर मेहनत, आत्मविश्वास और लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया। 14 वर्षों के अथक परिश्रम के बाद जब वे सीए की उपाधि लेकर अपने गांव लौटे, तो क्षेत्र में हर्ष का माहौल बन गया। शैक्षणिक यात्रा में प्रेरणादायक उपलब्धि चुम्मन वर्मा ने बताया कि उन्होंने कुल 333 अंक 55.5% प्राप्त किए - ग्रुप 1: 175 अंक ग्रुप 2: 158 अंक उनकी प्रारंभिक शिक्षा कक्षा 1 से 8 गाँव के स्थानीय विद्यालय से हुई। इसके बाद उन्होंने जवाहर नवोदय विद्यालय, माना कैंप रायपुर से कक्षा 9वीं से 12वीं तक की शिक्षा पूर्ण की।फिर उन्होंने बी.कॉम (ऑनर्स) इन फाइनेंशियल मार्केट्स की डिग्री काशी हिंदू विश्वविद्यालय ,वाराणसी से प्राप्त की। सीए की ट्रेनिंग और शुरूआती स्तर की पढ़ाई कोलकाता में पूरी की। फाइनल स्तर की तैयारी उन्होंने पूरी तरह स्व-अध्ययन के माध्यम से की और सफलता अर्जित की। उनकी इस उपलब्धि पर राजिम नगर के सिद्ध मनोकामना जन्मोत्सव वाले हनुमान मंदिर में एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सामाजिक नेता लाला साहू ने उन्हें शाल, श्रीफल भेंटकर एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया तथा छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध व्यंजन अरसा-रोटी खिलाकर मुंह मीठा कराया।

# जनपद अध्यक्ष ने बेलटुकरी में किया सीसी रोड का भूमिपूजन, अन्य कार्यों के लिए की घोषणा



**राजिम।** क्षेत्र के ग्राम बेलटुकरी विकास को नई गति देते हुए जनपद पंचायत अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में बहुप्रतीक्षित सीमेंट कंक्रीट रोड निर्माण कार्य का विधि-विधान से भूमिपूजन किया। ग्राम बेलटुकरी में आयोजित इस कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू के साथ क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य नंदनी ओंकार साहू, जनपद सदस्य हेमंत साहू , सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू, सरपंच पुराणिक साहू,उप सरपंच एवं पंचगण तथा वरिष्ठ नागरिक जीवन साहू, हरिश्चंद साहू, तुकाराम तारक आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष ने गांव में कई अन्य महत्वपूर्ण विकास कार्यों की भी घोषणा की, जिससे स्थानीय लोगों में हर्ष व्याप्त है। ग्राम बेलटुकरी के दरोगा गली में लगभग 16 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इस सीसी रोड से ग्रामीणों के आवागमन में सुविधा होगी तथा बरसात के दिनों में होने वाली दिक्कतों से छुटकारा मिलेगा।भूमिपूजन के दौरान जनपद अध्यक्ष ने 07 लाख रुपए के नाली निर्माण कार्य तथा 5 लाख रुपए के टीना शेड निर्माण सहित कई परियोजनाओं को जल्द शुरू करने की घोषणा की। इस दौरान जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू ने कहा कि विकास ही हमारी प्राथमिकता है। हमारा संकल्प इस क्षेत्र को आदर्श और विकसित बनाना है। यह सीसी रोड न सिर्फ आवागमन को सुगम बनाएगा, बल्कि यह समृद्धि का द्वार भी खोलेगा। हमने जो अन्य विकास कार्य घोषित किए हैं उनसे ग्रामीण विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और राजिम विधानसभा में विधायक रोहित साहू के साथ हम सब मिलकर विकास कार्यों को फलीभूत करेंगे। जनपद अध्यक्ष ने कहा कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दौरान पंचायत पदाधिकारियों एवं गांव की जनता ने विकास कार्यों के लिए आभार प्रकट किया।

## भाजपा के अजय ने 83,748 वोटों से ऐतिहासिक जीत दर्ज की

# उड़ीसा और बिहार में प्रचंड जीत पर भाजपाइयों ने फोड़े पटाखे



**रसेला।** मलेवा अंचल भाजपा मंडल के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्तागण ग्राम रसेला के अटल चौंक में बिहार और उड़ीसा के उपचुनाव में प्रचंड जीत पर भाजपाइयों ने बांटी मिठाई और फोड़े पटाखे कर सभी भाजपाइयों ने खुशियों का इजहार किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल, महामंत्री नारायण सिन्हा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और सुशासन बाबू नीतीश कुमार पर बिहार की जनता के विश्वास के चलते हुई बंपर वोटिंग ने मतदान के दिन ही जीत की पटकथा लिख दी। वरिष्ठ कार्यकर्ता नारायण सिंह ठाकुर, संतराम नेताम, सुरेन्द्र ठाकुर, रामूसिह नागेश, समारू राम सोरी ने कहा कि जीत से साबित हो गया कि बिहार की जनता जंगलराज को नहीं लौटने देगी। वहां कानून व्यवस्था के राज को महिलाओं के साथ ही सभी वर्गों का समर्थन मिला है। परमेश्वर यादव ने कहा कि उड़ीसा के उपचुनाव में अजय ढोलकिया ने जितना मतों जीत हासिल की है, उतना उसके स्वर्गीय पिता जी ने नहीं किया गया था। जनता ने पीएम नरेंद्र मोदी पर विश्वास कर वोट किया है। चुनाव की थकान बंपर जीत से गायब हो गई है। बंपर जीत के सबसे बडी बधाई उड़ीसा की नवापारा क्षेत्र की जागरूक जनता को है। जो बिना बहकावे में आए भाजपा पर विश्वास किया है। नुआपड़ा उपचुनाव में भाजपा के अजय ढोलकिया ने 83,748 वोटों से ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। उन्होंने कांग्रेस और बीजद के उम्मीदवारों को हरा कर 10 साल बाद नुआपड़ा में फिर से कमल खिल गया है। इस जीत से विधानसभा में भाजपा की संख्या बढ़कर 79 हो गई है। ताज़ा परिणामों के अनुसार अजय ढोलकिया ने 1,23,869 वोट हासिल किए। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस प्रत्याशी घासीराम मांझी को 40,121 वोट मिले, जबकि बीजद उम्मीदवार स्नेहागिनी छुरिया को 38,408 वोट प्राप्त हुए। नुआपड़ा में भाजपा की जीत सिर्फ एक सीट की जीत नहीं है। इसने ओडिशा की राजनीति में समीकरण बदल दिए हैं। इस मौके पर भुवेन्द्र मरकाम, ललित राम, कुशल ध्रुव, भीखम साहू, कृष्णा गुप्ता, तुलेश सेन, कवि मरकाम, खेमसिंह, महेश्वर निषाद, दिव्यानंद यादव, मेहरदास, धनेश्वर ठाकुर, लोकराम ध्रुव, नारद कमार सहित क्षेत्र के सभी भाजपाइयों उपस्थित थे।

### बिहार विधान सभा चुनाव में एडीए की जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशिया मनाई

**फिंगेश्वर।** भाजपा मंडल फिंगेश्वर के नेतृत्व में बिहार में एनडीए की शानदार जीत पर फटाका फोड़ कर कार्यकर्ताओं द्वारा खुशिया मनाई गई एवं मुंह मीठा कराया गया। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता रामू राम साहू, मंडल अध्यक्ष मंजूलता हरित, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनीष हरित, महामंत्री भुवन लाल साहू, जिला मंत्री जगदीश यदु, उपाध्यक्ष जनक श्रीवास, सोसायटी अध्यक्ष अश्वनी विश्वकर्मा, किरण सोनी, पार्षद शांति कोसरे, भूनेश्वरी साहू, संतोषी श्रीवास्तव, लक्ष्मी श्रीवास्तव, ज्योति राजपूत, सुमन श्रीवास, तुलाराम साहू, शीतल साहू, राकेश सिन्हा, अरुण ध्रुव, छवि साहू उपस्थित हुए।

## पेज 9 के शेष

### समर्थन मूल्य पर...

जाती है, तो प्रशासन और जनप्रतिनिधि तुरंत हस्तक्षेप कर उसे दूर करेंगे ताकि किसी भी किसान को असुविधा न हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि धान खरीदी सीजन के दौरान हर स्थिति पर सतर्क रहें और सुनिश्चित करें कि किसानों को किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी न हो। सांसद रूपकुमारी ने कहा कि किसान, गरीब, युवा, महिला जिनका कोई जाति, धर्म नही होता इनका विकास अनिवार्य रूप से हो। इन चारो मिशन को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम विष्णुदेव साय चल रहे है। इसपे काम कर रहे है। कहा कि धान खरीदी का काम सुचारू रूप से हो। राज्य शासन का निर्देश है कि समयसीमा में किसान का भुगतान हो।

**किसान बहुत मेहनत से उपजाते है फसल : साहू**

विधायक रोहित साहू ने कहा कि किसान की पीड़ा, किसान के मेहनत, किसान की ईमानदारी और किसान की तपस्या से धान का फसल होता है। आज 15 नवंबर को पूरे छत्तीसगढ़ में सीएम विष्णुदेव सरकार ने समर्थन मूल्य में धान खरीदी की शुरूआत बड़े उत्साह के साथ शुरू कराया है। राजिम में भी आज से विधिवत रूप से धान खरीदी की शुरूआत की गई है। कहा कि धान बेचने के लिए पहुंचने वाले किसानों को किसी भी प्रकार से कोई परेशानी का सामना न करना पड़े इस बात का ध्यान अधिकारी और कर्मचारी वर्ग रखे। किसान हमारे अन्नदाता है। बहुत परेशानी और तमाम प्रकार के कष्टो को झेलकर वे धान की ऊपज करते है। मंडी तक लाते है। उन्हें किसी भी प्रकार से असुविधाओं का सामना करना न पड़े। किसानो के साथ अधिकारी बहुत ही अच्छा व्यवहार रखे। सरलता से बात करे। विधायक श्री साहू ने किसानो से कहा कि धान बेचने के दौरान किसी भी प्रकार से कोई परेशानी होती है तो सीधे मुझे बतला सकते है। चूंकि मै भी किसान हूं अतएव किसानो के मेहनत और परेशानी को भलीभांति समझता हूं। विधायक श्री साहू ने कहा कि हमारी सरकार जहां 21 क्विंटल के हिसाब से धान खरीदी कर रही है वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी का पूरी तरह से पालन भी हो रहा है। कहा कि एक-एक दाना धान खरीदेंगे, किसानों को कोई तकलीफ नही होने देंगे उन्हें हर सुविधा देंगे। विधायक श्री साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद चाहे किसानो के धान खरीदी की बात हो, चाहे गरीब के पक्का मकान आवास की बात हो अथवा महतारी वंदन की राशि की बात हो, सारे काम हो रहे है। विधायक श्री साहू ने कहा कि समय सीमा में धान खरीदी हो समय सीमा में धान के भुगतान भी हो और समय सीमा में धान का उठाव होना चाहिए। किसानो को यदि कोई तकलीफ होती है तो वह बर्दाश्त नही होगा। किसानो के लिए चाय और पानी की व्यवस्था विशेष रूप से होना चाहिए। विधायक श्री साहू ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के जन्म जयंती पर यह शुभ कार्य प्रारंभ हुआ है। धान खरीदी प्रारम्भ होने पर क्षेत्र के किसानों को शुभकामनाएं दी।

**खबर संक्षेप**

## एफएलएन मेला का आयोजन



**नवापारा-राजिम।** प्राथमिक शाला बढ़ईपारा नवापारा में एफ एल एन मेला व बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस मेला में बच्चों ने ज्ञानवर्धक व रोचक प्रदर्शनी लगाया जिसमें गणित हिंदी और अंग्रेजी विषय पर आधारित टीएलएम तैयार किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में संकुल समन्वयक गौकरण गिलहरे ने इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा की ऐसा आयोजन हमेशा होना चाहिए इससे बच्चों में शिक्षा के प्रति सीखने की जिज्ञासा बढ़ती है। कार्यक्रम के संचालन वाणी उपासना साहू एवं विशेष सहयोग में तोमेश्वरी जोशी ने किया। कार्यक्रम में शाला प्रभारी दीपक साहू, ओमप्रकाश साहू, लोकेश धृतलहरे, राजेश सोनी एवं पालक गण उपस्थित रहे।

# सांस्कृतिक व खेलकूद से छात्राओं ने मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा



शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा जिला गरियाबंद में बाल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र संघ के पदाधिकारी द्वारा मां शारदा की छाया चित्र एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के छायाचित्र पर पूजा अर्चना दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्य आशा रानी चतुर्वेदी के द्वारा किया गया एवं विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता श्री कृष्ण कुमार साहू एवं समस्त व्याख्याता एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की सांस्कृतिक प्रभारी सीमा सिंह एवं नेहा जायसवाल द्वारा किया गया बच्चों को को विभिन्न सांस्कृतिक वेशभूषाओं से सुसज्जित कर विद्यार्थियों को हर्षोल्लास के साथ प्रदर्शित किए विद्यालय के पीटीआई डोमेश्वर कुमार ध्रुव एवं व्यावसायिक प्रशिक्षक नागेंद्र कुमार द्वारा विभिन्न खेल गतिविधि कराई गई कबड्डी, खो-खो, जलेबी दौड़, 100 मीटर दौड़, कुर्सी दौड़ कराया गया। विद्यालय के समस्त व्याख्याता एवं शिक्षक द्वारा बच्चों को चॉकलेट वितरण एवं भोजन कराया गया

विद्यार्थियों को खेलो उपरांत इनाम वितरण किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती आशा रानी चतुर्वेदी वरिष्ठ व्याख्याता कृष्ण कुमार साहू, वरिष्ठ व्याख्याता भूपत कुमार कन्नौजे, लॉरेंस कुमार महिलाने, सीमा सिंह, रेखा प्रधान, नेहा जायसवाल, हुमेश्वरी ठाकुर, युवराज, मोहनलाल ध्रुव, नागेंद्र कुमार, डोमेश्वर कुमार , हेमंत कुमार वर्मा, लोकेंद्र कुमार साहू चंद्रप्रभा सेन, भामिनी दीवान, भूखन ठाकुर, नरोत्तम, उत्तम कुमार नेताम समाजसेवी शीतल ध्रुव उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन सीमा सिंह व्याख्याता के द्वारा किया गया।

## ईएमआरएस कोसमबुडा में मनाया गया बाल दिवस

**छुरा।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोसमबुडा में बाल दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती तथा पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके माध्यम से उपस्थित शिक्षक साथियों एवं छात्र-छात्राओं ने ज्ञान, संस्कृति तथा "चाचा नेहरू" के बाल प्रेम को नमन किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या श्वेता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि चाचा नेहरू बच्चों से विशेष लगाव रखते थे और मानते थे कि प्रत्येक बच्चा अपार ऊर्जा तथा असीम संभावनाओं से भरा होता है। श्वेता ने अपने संबोधन में भारत सरकार की वर्तमान शिक्षा-नीतियों एवं उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP-2020) बच्चों में रचनात्मकता, कौशल विकास, बहुभाषीय शिक्षा, अनुभवात्मक अधिगम तथा स्थानीय संस्कृति के संरक्षण को बढ़ावा देती है। साथ ही उन्होंने छात्रों को "डिजिटल इंडिया, एकलव्य विद्यालयों के सशक्तिकरण, स्किल इंडिया, तथा स्वच्छ विद्यालय-स्वस्थ विद्यालय जैसे अभियानों को अपनाने, तकनीक के सकारात्मक




उपयोग और समग्र व्यक्तित्व विकास की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सरकारी नीतियों का मूल उद्देश्य है हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण, समावेशी और आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराना, और विद्यार्थी अपने सपनों को साकार करने के लिए उसी दिशा में निरंतर प्रयास करें। विद्यार्थियों के मनोरंजन एवं उत्साहवर्धन हेतु विद्यालय में विभिन्न रोचक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें चिट गेम, म्यूजिकल चेयर, बकेट फिल आदि प्रमुख आकर्षण रहे। सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और दिनभर आनंद लिया।




## नेशन्स प्राइड पब्लिक स्कूल छुरा में बाल दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

**छुरा।** नेशन्स प्राइड पब्लिक स्कूल छुरा में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू जयंती को बाल दिवस के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं मनोरंजक खेलकूद रखा गया। मुख्य अतिथि के रूप में पालक समिति एवं शाला विकास समिति अध्यक्ष टेमन लाल साहू थे। अध्यक्षता संचालक ललित साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष यामिनी सिन्हा, सचिव रामचरण बंसे, गोवर्धन साहू, गंगा ओगरे, शारदा सिन्हा, टिकेश्वरी साहू, विजय लक्ष्मी साहू, भगत शाडिल्य, गिरधर सिन्हा, उमेश्वरी यदु, मोनिका साहू, तरुण कंवर, रमेश कुमार सेन उपस्थित थे। शाला के संचालक ललित साहू, प्राचार्य संतोष कुमार निषाद ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दिया। बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें गायन, नृत्य और नाटक शामिल थे। अपनी प्रतिभा से सबका मन मोह लिया। प्रेरक नाटिका की प्रस्तुति ने दर्शकों को काफी प्रभावित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि बाल दिवस, बच्चों के लिए एक अच्छा अवसर है, जिसमें वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित हो सकते हैं। शाला संचालक ने कहा कि हमारे विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करना और उन्हें समाज का अच्छा नागरिक बनाना है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक कृष्णेश कुमार यादव, यूनिश सर, अंकित कवर, शिक्षिकाएं अर्चना साहू, जया यादव, चितरंजनी निषाद, सुधा सेनापति, मंजुलता साहू, देवबती, हुमेश्वरी साहू, हेमा साहू, हँसी साहू, राधा यादव, हेमीन ध्रुव, दशमत ठाकुर, धन्नू सोरी, यश यादव, डिगेश्वर ध्रुव, डिगेश ध्रुव,पालकगण एवं बच्चे उपस्थित रहे। समापन की बेला में बच्चों को मिठाई और उपहार वितरित किया गया।

## खेलकूद में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया



**मुड़ागांव (कोरासी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानीपरतेवा में बाल दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद आयोजित किया गया जिसमें। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही साथ केंद्र सरकार द्वारा निर्देशित जनजातीय गौरव पखवाड़ा भी मनाया गया,जिसमें भगवान बिरसा मुंडा के 150वीं जन्म जयंती के अवसर पर उनके साथ साथ अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, पूर्व प्रधानमंत्री पंडित श्री जवाहरलाल नेहरू जी एवं भगवान बिरसा मुंडा जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के युवा जनप्रतिनिधि एवं जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर,अध्यक्ष के रूप में विद्यालय के शाला प्रबंधन समिति के सम्माननीय अध्यक्ष रामप्रसाद शांडिल्य ,विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम रानीपरतेवा के सरपंच हेमलाल नेताम, विद्यालय के सांसद प्रतिनिधि रमन नामदेव, के साथ ही साथ ग्राम के गणमान्य नागरिक रघुनाथ साहू, गिरवर सिन्हा , हरि साहू राकेश अडवंशी, विद्यालय के प्राचार्य एम आर खान एवं समस्त विद्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहे। विद्यालय के व्याख्याता सौरभ दुबे द्वारा जनजातीय गौरव पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आदिवासी समाज के विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों जैसे भगवान बिरसा मुंडा जी,रानी दुर्गावती जी एवं शहीद वीरनारायण सिंह जी के योगदान के बारे में उल्लेखनीय वर्णन किया गया। मुख्य अतिथि पंकज निर्मलकर ने अपने उद्बोधन में बच्चों को बाल दिवस की भूमिका समझाते हुए उन्हें अच्छे कार्य करने के लिए तथा गुणवत्ता पूर्ण अध्ययन के लिए प्रेरित किया गया, उन्होंने भी जनजातीय गौरव पखवाड़े के संबंध में सारगर्भित विचार रखें।

## बाल दिवस पर शिक्षकों ने कराया न्योता भोज



**पाण्डुका।** बाल दिवस के सुअवसर पर शासकीय हाई स्कूल घटकर्रा में बच्चों के लिये शारीरिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकों द्वारा प्रतिभागी बच्चों के लिये पुरस्कार की व्यवस्था की गई। समस्त शिक्षकों द्वारा सभी बच्चे एवम पालक अतिथियों के लिये सम्मान पूर्वक न्योता भोज का आयोजन किया गया था। ज्ञात हो कि हाई स्कूल घटकर्रा स्कूल होने के कारण शासकीय अनुदान अल्प होता है ऐसे में वर्ष भर शालेय गतिविधियों के लिये सभी शिक्षक प्रति माह वेतन से 400/- रु. जमा करतें है जिसका उपयोग स्वीपर के लिये और शालेय गतिविधि के आयोजन पर करतें है। इन्होंने अपने वेतन के राशि से विद्यालय में तार का घेरा भी बनवाया है। हाई स्कूल घटकर्रा में श्री संजय कुमार वर्मा प्रभारी प्राचार्य, दिनेश वर्मा, दीपक कुमार नाग, लक्ष्मी दीवान, मनीषा साहू कार्यरत है।

**कार्यालय जनपद पंचायत मैनपुर, जिला गरियाबंद (छ.ग.)**

क्रमांक / 8688/ मतस्य लीज/ज. पं./2025 **ईश्तहार** मैनपुर दिनांक 13/11/2025

सर्व साधारण को जानकारी हेतु सूचित किया जाता है कि ईश्तहार जारी होने के दिनांक से जनपद पंचायत मैनपुर के निम्नलिखित सिंचाई जलाशयों / तालाबों को मछली पालन एवं मत्स्याखेट हेतु 10 वर्षीय पट्टे पर आबंटित किया जाना है जिनका विवरण इस प्रकार हैः-

| क्र. | ग्राम पंचायत का नाम | जलाशय / तालाब का नाम | रकबा |
|---|---|---|---|
| 1 | कोदोभाठा | कोदोभाठा जलाशय कोदोभाठा | 17.100 हे. |

**पट्टा आबंटन में प्राथमिकता क्रम निम्नानुसार रहेगा :-**
(1) पंजीकृत मछुआरा सहकारी समिति 02 मछुआ समूह 03 मछुआ व्यक्ति 04 ऐसे क्षेत्र जहां 1965 या उनके पश्चात मकान भूमि यदि डूब में आये हो विस्थापित परिवार 05 स्वः सहायता समूह मछुआ से तात्पर्य उस व्यक्ति से है जो अपनी आजीविका का अर्जन मछलीपालन, मछली पकड़ने या मछली बीज उत्पादन आदि कार्य से करता है।

**आवेदन के साथ में संलग्न आवश्यक दस्तावेजों की सूची :-**
(01) पंजीकृत सहकारी समिति - पंजीयन प्रमाण पत्र, बायलांज, सदस्यो की सूची, बैंक से कर्ज नहीं प्रमाण पत्र, समिति का प्रस्ताव एवं ठहराव व विगत वर्षों की आडिट रिपोर्ट। (02) मछुआ समुह / एस. जी. एस.वाय समूह आवेदन पत्र के साथ समूह का प्रस्ताव ठहराव, गरीबी रेखा सर्वे प्रमाण पत्र, जाति निवास एवं बैंक से कर्ज नहीं प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। (03) व्यक्तिगत हितग्राही मछुआ / अनु. जाति / अनु.जन. जाति / अ.पि.वर्ग / सामान्य व्यक्ति अपने आवेदन पत्र के साथ गरीबी रेखा सर्वे प्रमाण पत्र जाति निवास एवं बैंक से कर्ज नहीं प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।

उपरोक्त आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित दिनांक 28/11/2025 तक जनपद पंचायत मैनपुर में जमा कर पावती प्राप्त करें। अपूर्ण आवेदन पत्रों पर जनपद पंचायत की बैठक में विचार नहीं किया जायेगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत मैनपुर**



## खबर संक्षेप

### परि क्षेत्र साहू समाज पिपरौद के शपथ



**नवापारा-राजिम।** आज रविवार को परिक्षेत्र साहू समाज पिपरौद में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह रखा गया है। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक इंद्रकुमार साहू मौजूद रहेंगे। अध्यक्षता देवनाथ साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ रायपुर ग्रामीण करेंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे रखा गया है।

### बिहार में विकास और सुशासन की जीतः सिन्हा



**नवापारा-राजिम।** बिहार के विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत पर भाजपा नेत्री योगिता सिन्हा ने समस्त बिहार वासियों एवं देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है। उन्होंने कहा कि बिहार के आम मतदाताओं ने विकास एवं सुशासन पर विश्वास जताया है। मोदी जी के गारंटी का नतीजा है कि बिहार में एनडीए गठबंधन ने बंफर जीत दर्ज की है। बिहार के लोगों ने बता दिया है कि बिहार एनडीए गठबंधन के साथ विकास के रास्ते पर अग्रसर रहेगा। बिहार की जनता ने जो डबल इंजन की सरकार पर विश्वास जताया है यह देश को एक नई दिशा देगा। बिहार लोकतंत्र की यात्रा की भूमि है। विधानसभा चुनाव का परिणाम बिहार का मजबूत इमारत खड़ा करेगा।

### भाजपा जिला पदाधिकारियों की सूची जारी

**महासमुंद।** भाजपा जिलाध्यक्ष एतराम साहू ने प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय की सहमति से जिला पदाधिकारियों की सूची जारी की गई। जारी सूची के अनुसार विपिन उपवेजा उपाध्यक्ष, प्रदीप चंद्राकर उपाध्यक्ष, कृष्णकुमार साहू उपाध्यक्ष, सतपाल सिंह पाली उपाध्यक्ष, हरप्रसाद पटेल उपाध्यक्ष, जान्हवी साहू उपाध्यक्ष, थानसिंह दीवान महामंत्री, जितेंद्र त्रिपाठी महामंत्री, हेमंत तिवारी मंत्री, मनीष बंसल मंत्री, कुमारी भास्कर मंत्री, सीता सतपथी मंत्री, कल्पना सिन्हा मंत्री, सुशील कांति पटेल मंत्री, राहुल चंद्राकर कोषाध्यक्ष, नरेश नायक आईटी सेल प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।

**धान खरीदी : हड़ताल और अधूरी तैयारियों से औपचारिकता में सिमटी व्यवस्था**

# हड़ताल के बीच धान खरीदी शुरू, रसेला उपार्जन केंद्र में 17 नवंबर से होगी खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप विपणन वर्ष 25 -26 के लिए समर्थन मूल्य पर 15 नवंबर से 31 जनवरी 2026 तक धान की खरीदी की जाएगी। समिति कर्मचारियों की हड़ताल के बावजूद वैकल्पिक व्यवस्था बना लेने का दावा किया है। लेकिन व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन और जमीनी हालात में बड़ा अंतर नजर दिखाई दे रहा है। दावा है कि कंप्यूटर आपरेटर संघ, केंद्र प्रभारी और प्रबंधक के हड़ताल के बावजूद धान खरीदी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था पूरी कर ली गई है। इधर कृषि विभाग, पंचायत विभाग, राजस्व विभाग, उद्यानिकी विभाग के कर्मचारी को शासन द्वारा धान खरीदी में ड्यूटी लगाई गई है। ज्ञात हो कि रसेला उपार्जन केन्द्र में अभी तक कोई भी विभाग के कर्मचारी की प्रभारी के रूप में उपस्थित दर्ज नहीं किया गया है। इस तरह उपार्जन केन्द्र कनसिघी में पंचायत विभाग के एडीवो ने ज्वाइन कर लिया है, सिवनी के उपार्जन केन्द्र में उद्यानिकी विभाग के कर्मचारी कार्यभार की औपचारिकता पूरी कर ली है। रसेला उपार्जन केन्द्र में 15 नवंबर को एक भी टोकन नहीं कटने से धान की खरीदी का शुभारंभ नहीं हो पाया है। किसानों द्वारा 17 नवंबर को टोकन काटने से इस दिन धान खरीदी का शुभारंभ विधिवत जनप्रतिनिधि और क्षेत्र के सभी किसानों की सानिध्य में किया जाएगा।



### अभी तक मिलो से पुराना बारदाना अप्राप्त

पटवारियों और कृषि विभाग द्वारा समस्त कलेक्टर को पत्र जारी कर खरीदी कार्य से पृथक रखने कहा गया है। दोनों ही पत्र में विभाग के मूल कार्य, किसानों के लिए राज्य और केंद्र के योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्य का हवाला देकर योजना प्रभावित होने का जिक्र किया गया है। चार सूत्रीय मांगों को लेकर सहकारी समिति प्रबंधक और कंप्यूटर आपरेटर बीते 13 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इसके बावजूद सरकार ने स्पष्ट किया है कि वह किसी भी तरह के दबाव में नहीं आएगी और तय तिथि से ही धान खरीदी की जाएगी। वैकल्पिक व्यवस्था से धान खरीदी की जाएगी। कनसिघी और सिवनी धान उपार्जन केन्द्र में 15 नवंबर को शनिवार होने के कारण प्रथम दिवस केवल समितियों में पूजा पाठ ही हो पाया। रसेला समिति में नया बारदाना 24 हजार पहुंच चुका है, वहीं अभी तक मिलो से पुराना बारदाना अप्राप्त है। धान कामन मोटा 2369 / प्रति क्विंटल, धान ग्रेड ए पतला 2389 / प्रति क्विंटल की खरीदी की जाएगी। राशि 3100 रूपए में अंतर की राशि कृषक उन्नति योजना के तहत प्रदाय की जावेगी। धान खरीदी की अधिकतम सीमा 21 क्विंटल प्रति एकड़ होगी। अब देखना यह होगा कि सहकारी समिति और कम्प्यूटर आपरेटरो के हड़ताल के चलते खरीदी कैसे हो पाएगी। जिन्हें प्रभारी प्रबंधक बनाया जा रहा है उन्हें धान खरीदी का किसी तरह से कोई अनुभव नहीं है। ऐसे में सुखत की मार देर सबेरे सोसायटियों को ही भुगतना होगा।

## ईएमआरएस कोसमबुड़ा में 15 दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन



**छुरा।** राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति, नई दिल्ली से प्राप्त दिशानिर्देशानुसार ईएमआरएस कोसमबुड़ा में 1 से 15 नवम्बर तक विविध सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करना तथा छात्रों में आदिवासी संस्कृति, विरासत और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

15 दिवसीय आयोजन के प्रमुख कार्यक्रम निर्धारित शेड्यूल के अनुसार विद्यालय में प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें निबंध एवं रचनात्मक लेखन, पोस्टर एवं पेंटिंग निर्माण, कविता वाचन, जनजातीय लोकगीत, लोकनृत्य प्रदर्शन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, स्टोरी टेलिंग सेशन, पारंपरिक फैशन डिज़ाइन प्रतियोगिता,

नुक्कड़ नाटक, पारंपरिक वाद्ययंत्र प्रस्तुति, वेबिनार व वार्ता "भगवान बिरसा मुंडा एवं आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि, स्पोर्ट्स एवं गेम्स डे, शिक्षकों एवं स्टाफ के लिए फ़ोटोग्राफी प्रतियोगिता इन सभी कार्यक्रमों में छात्रों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

15 नवम्बर को आयोजित भगवान बिरसा मुंडा के 150वीं जन्मदिवस समारोह में छात्रों ने भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का मंच संचालन आशुतोष त्रिपाठी द्वारा गरिमापूर्ण एवं प्रभावशाली ढंग से किया गया। शैलेश सिंह ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष, आदिवासी समाज के लिए उनके योगदान तथा मुंडा आंदोलन के महत्व पर विशेष वक्तव्य प्रस्तुत किया, जिसे विद्यार्थियों ने अत्यंत प्रेरणादायक बताया। विद्यालय के स्कूल कैप्टन वेदांश तथा वाइस कैप्टन अमीषा ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए जनजातीय गौरव दिवस को छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया।

विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य श्वेता ने इस सफल आयोजन के लिए राज्य कार्यालय एवं जिला प्रशासन द्वारा दिए गए मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही यह संकल्प व्यक्त किया कि भविष्य में भी विद्यालय में आदिवासी संस्कृति, परंपरा और स्वतंत्रता आंदोलनों से संबंधित गतिविधियों को निरंतर बढ़ावा दिया जाएगा।

# बिहार में एनडीए के प्रचंड जीत पर राजिम में जश्न



**राजिम।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को पूर्ण बहुमत मिलने पर शुक्रवार को राजिम में जश्न का माहोल रहा। विधायक निवास में भाजपा कार्यकर्ताओं की जबर्दस्त भीड़ देखी गई। विधायक रोहित साहू ने उपस्थित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा कि एनडीए की यह ऐतिहासिक जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुशासन पर जनता के अटूट विश्वास को दर्शाती है। बिहार की जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि विकास, स्थिरता और पारदर्शी शासन ही उनकी प्राथमिकता है। राजिम के कार्यकर्ताओं का उत्साह हमारे संगठन की मजबूती का प्रतीक है। विधायक निवास में इस अवसर पर पार्टी के जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू,जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव, मंडल महामंत्री जितेंद्र पेंदरिया, मनीष साहू, किशोर साहू, तुकेश साहू, अमित बखारिया, मनोज यादव, लोकेश सोनी, मनीष,डालेंद्र साहू,बेदराम निषाद,टुकेश साहू सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कांग्रेसजनों ने मनाई नेहरू जी की जयंती

**नवापारा-राजिम।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा द्वारा नेहरू घाट स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा देश के लिए किए गए योगदान एवं उल्लेखनीय कार्यों को याद किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंह, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव रामा यादव , पार्षद अर्जुन साहू, हेमंत साहनी, रामरतन निषाद, तरुण कंसारी, अजय कोचर, डॉ. रामकुमार शर्मा, राजा चावला, रकेश सोनकर, अनूप खरे, वीरेंद्र राजपूत, मितेश शाह, समारु कंसारी, दाऊराम साहू, विक्की साहू ,सौरभ सोनी, रसीद तिगाला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।



## नवापारा में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य प्रारंभ



**नवापारा-राजिम।** नगर पालिका क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण एस आई आर मतदाता सूची का कार्य प्रारंभ हो चुका है। नगर के 21 वार्डों में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के लिए के लिए 23 बूथ लेवल अधिकारी एवं 6 सहयोगियों के माध्यम से एस आई आर का कार्य किया जा रहा है। बूथ लेवल अधिकारी एवं सहयोगियो द्वारा प्रत्येक मतदाता के घर जाकर गणना पत्रक वितरित की जा रही है। मतदाता सूची से संबंधित आवश्यक दस्तावेज जमा कर एस आई आर में सहयोग करने आग्रह किया जा रहा है। बता दे कि छत्तीसगढ़ में 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक पूरे एक माह मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य किया जाएगा। तत्पश्चात सूची प्रकाशन उपरांत दावा आपत्ति मंगवाई जाएगी। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी लवकेश पैकरा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एस आई आर 2026 की प्रक्रिया छत्तीसगढ़ में प्रारंभ हो गई है। 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक गणना पत्रक वितरित करने एवं उसको भरकर वापस लेने का कार्य संपन्न किया जाना है। नवापारा नगर पालिका क्षेत्र के 21 वार्डों में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। जिसमें घर-घर जाकर बीएलओ द्वारा मतदाता सूची पत्रक वितरित किए जा रहे हैं। नगर के सभी मतदाताओं से अपील है कि गणना पत्र को प्राप्त कर उसके विवरण सहित तथ्यों के साथ भरे। यदि गणना पत्र भरने में कठिनाई का अनुभव हो रहा है तो बीएलओ से गणना पत्रक भरने में मदद ले। एस आई आर 2026 का उद्देश्य है कि कोई वैध मतदाता न छूटे एवं कोई अवैध मतदाता का नाम मतदाता सूची में न जुड़े।

- 23 बी एल ओ एवं 6 सहयोगियों के माध्यम से एसआईआर



## ग्राम रजनकटा एवं खट्टी में निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

जिला पंचायत क्षेत्र अंतर्गत विकासखंड छुरा के ग्राम रजनकटा एवं खट्टी मे निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया।

जिसमें रजनकटा शीतला तालाब में पेवर ब्लाक 2.60 हजार, खट्टी मां मौली मंदिर जीर्णोद्धार 5 लाख, मौली मंदिर प्रांगण में रंग मंच निर्माण 2 लाख, बरदेव चबूतरा निर्माण 1 लाख, खट्टी में रंग मंच निर्माण 3 लाख रुपए का भूमि पूजन किया गया। रंग मंच निर्माण कार्य तथा विभिन्न निर्माण कार्यों का जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने जनप्रतिनिधि और ग्रामवासी के साथ विधिवत भूमिपूजन कर शुभकामनाएं दी। मूलभूत सुविधाएं से ग्रामीण क्षेत्रों का विकास सुनिश्चित हो रहा है। राजिम विधायक श्री रोहित साहू एवं डबल इंजन भाजपा सरकार में विगत वर्षों में जनसुविधाओं के विस्तार के लिए अनेक विकास कार्य हो रहे हैं जिसका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है।

इस अवसर पर शिवांगी चतुर्वेदी वन सभापति जिला पंचायत गरियाबंद, किशन कंडरा महामंत्री भाजपा मंडल गरियाबंद, दुलारी साहू जनपद सदस्य छुरा, तेज कुंवर/किशन कंडरा सरपंच ग्राम पंचायत रजनकटा, खरक राम साहू, सोमनाथ ध्रुव, वीणा बाई साहू, वीणा कंडरा, सविता कश्यप, मीलन पटेल, खेमेशवरी साहू, हेमलता दीवान, दौलत राम साहू, कन्हैया पटेल, गुलाब यादव, जैराम साहू, चंद्रशेखर गोस्वामी, सहित पंचगण व समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।





## नितलेश का राष्ट्रीय साहसिक शिविर मनाली के लिए चयन

**नवापारा-राजिम।** मनाली में 10 नवंबर से 19 नवंबर तक आयोजित राष्ट्रीय साहसिक शिविर 2025-26 में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों के प्रतिभागी दल में श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय के स्वयंसेवक नितलेश साहू का चयन हुआ है। यह चयन महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। राष्ट्रीय साहसिक शिविर का उद्देश्य स्वयंसेवकों में शारीरिक क्षमता, मानसिक दृढ़ता, नेतृत्व कौशल, अनुशासन, तथा राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करना है। इस शिविर में प्रतिभागी हिमालयी प्राकृतिक परिस्थितियों में विभिन्न साहसिक गतिविधियों, प्रशिक्षण सत्रों तथा टीम-वर्क आधारित कार्यक्रमों में भाग लेंगे महाविद्यालय की प्राचार्य मधुरानी शुक्ला, राष्ट्रीय सेवा योजना ग्रामीण संगठक आरके रजक, कार्यक्रम अधिकारी एसआर वट्टे तथा महाविद्यालय परिवार ने नितलेश साहू को चयन पर बधाई देते हुए उनकी सफल भागीदारी एवं सुरक्षित अनुभव के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

## आईएसबीएम विश्वविद्यालय में उद्यमिता कौशल संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन

**छुरा।** आईएसबीएम विश्वविद्यालय, छुरा के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा 13 नवंबर को विश्वविद्यालय में उद्यमिता कौशल संवर्धन कार्यक्रमका सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में उद्यमशीलता, नवाचार तथा आत्मनिर्भरता की भावना को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ बीकॉम पंचम सेमेस्टर की छात्रा मोनिका यदु द्वारा आराध्य देवी मां सरस्वती की वंदना एवं राजकीय गीत "अरपा पैरी के धार" के गायन से हुआ। इसके पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईएसबीएम विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बीपी भोल, विशिष्ट अतिथि डॉ. एनके स्वामी (डीन अकादमिक एवं आईक्यूएसी निदेशक) तथा डॉ. शुभासिस विश्वास (छात्र कल्याण अधिष्ठाता) का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। कुलसचिव डॉ. बीपी भोल ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ की उद्यमशील संस्कृति की सराहना करते हुए कहा कि राज्य के लोग अपने स्तर पर उत्कृष्ट उद्यमी हैं। उन्होंने अनेक उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को यह बताया कि कैसे हमारे आसपास उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर नवाचार के माध्यम से स्टार्टअप की शुरुआत की जा सकती है। माननीय डीन, अकादमिक डॉ. एनके स्वामी ने अपने उद्बोधन में कहा कि कम संसाधनों में भी स्टार्टअप की नींव रखी जा सकती है। कार्यक्रम का समापन सहायक प्राध्यापक श्री केशव साहू द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया, जिसमें उन्होंने कुलसचिव, डीन, संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।



**अभिनेत्री मोना सेन का लोगों ने जोरदार स्वागत किया**

# पर्यटन, रोजगार और संस्कृति को मिलेगी मजबूती : सेन

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के वनांचल मैनपुर क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता इन दिनों पूरे प्रदेश और देश के लोगों को आकर्षित कर रही है। यहां भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित छत्तीसगढ़ी फिल्म 'माटी पुत्र बिरसा बलिदानी' की शूटिंग चल रही है, जिसमें स्थानीय लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। यह बातें छत्तीसगढ़ फिल्म निगम की अध्यक्ष और प्रसिद्ध अभिनेत्री मोना सेन ने मैनपुर में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित पोस्टर विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए कही। मोना सेन ने कहा कि मैनपुर क्षेत्र के लोग फिल्म कलाकारों को जिस तरह प्रोत्साहित कर रहे हैं, वह अपने आप में एक मिसाल है। उन्होंने जोर दिया कि छत्तीसगढ़ फिल्म निगम का उद्देश्य प्रदेश में फिल्म निर्माण के क्षेत्र को नई दिशा देना है, जिससे पर्यटन, रोजगार और संस्कृति तीनों को मजबूती मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि स्थानीय युवाओं को रोजगार के साथ-साथ प्रशिक्षण और तकनीकी दक्षता के अवसर भी मिलेंगे। उन्होंने छत्तीसगढ़ फिल्म उद्योग को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा, यह समय है जब प्रदेश के कलाकारों और तकनीशियनों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए एक मजबूत प्लेटफार्म मिले।






### मुख्यमंत्री का जताया आभार, निभाएंगी जिम्मेदारी

मोना सेन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें फिल्म निगम का अध्यक्ष बनाया गया है और वह इस दायित्व का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगी। उन्होंने संकल्प लिया कि वह छॉलीवुड (छत्तीसगढ़ फिल्म उद्योग) को आगे ले जाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगी, ताकि उसे एक नई पहचान मिल सके। उन्होंने क्षेत्रवासियों से आपसी भाईचारा और प्रेम बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि कोई भी कार्य हो, वे उनसे सीधे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बालिका शिक्षा पर विशेष ध्यान देने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मैनपुर एसडीएम डॉ. तुलसीदास मरकाम ने कहा कि यह खुशी की बात है कि मैनपुर क्षेत्र में पिछले एक माह से फिल्म की शूटिंग हो रही है और आज बोर्ड की अध्यक्ष मोना सेन स्वयं यहां पहुंची हैं। मैनपुर सरपंच अनिता नायक और जनपद सदस्य कुमारी पटेल ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन फिल्म निर्माता खेमराज बाकरे ने किया। इस दौरान एसडीओपी पुलिस ओपी खुजुर, विकास पाटले, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर, सरोज सेन, रूपेश साहू सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि और कलाकार उपस्थित थे।

### सेल्फी के लिए लगी भीड़

मोना सेन के मैनपुर पहुंचने की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में क्षेत्र व नगर के लोग कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। लोगों ने उन्हें गुलदस्ता और शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। वहीं, छत्तीसगढ़ की इस प्रसिद्ध अभिनेत्री के साथ सेल्फी लेने के लिए भारी भीड़ लगी रही।

